तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 25. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 24 जून 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



4 डीएमएफ में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पेयजल को मिलेगी प्राथमिकता




## खबर संक्षेप

### जिले में सभी पंचायतों में ग्रामसभा का आयोजन आज

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 के प्रावधानों के अनुरूप जिले की सभी ग्राम पंचायतों एवं उनके आश्रित ग्रामों में 24 जून को ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार आयोजित होने वाली ग्रामसभा में पंचायत प्रशासन, ग्रामीण विकास, सामाजिक सुरक्षा, आजीविका संवर्धन, राजस्व, स्वास्थ्य एवं जनहित से जुड़े 18 प्रमुख विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। ग्रामसभा में सर्वप्रथम पूर्व में आयोजित ग्रामसभा की बैठक में पारित संकल्पों के क्रियान्वयन संबंधी पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही पंचायतों के विगत तिमाही के आय-व्यय की समीक्षा कर अनुमोदन किया जाएगा। कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे के मार्गदर्शन मे ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। माह जून से प्रदेश में लागू विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन - के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु योजना की मार्गदर्शिका का वाचन किया जाएगा तथा इसके क्रियान्वयन पर चर्चा की जाएगी।

### बिहान योजना ने बदली उर्वशी की जिंदगी

**जांजगीर-चांपा।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी बिहान योजना ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम बन रही है। इस योजना से जुड़कर अकलतरा विकासखंड की श्रीमती उर्वशी बंजारे ने आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम की है। आज वे एक सफल उद्यमी और "लखपति दीदी" के रूप में अपनी पहचान बना चुकी हैं। अकलतरा जनपद के अंतर्गत स्वतंत्र महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य श्रीमती उर्वशी बंजारे पहले एक गृहणी थीं। परिवार की आजीविका मुख्य रूप से खेती पर निर्भर थी तथा आर्थिक संसाधन सीमित थे। बिहान योजना से जुड़ने के बाद उन्हें वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव की शुरुआत हुई। योजना के तहत उनके समूह को प्रारंभ में 15 हजार रुपये की चक्रीय निधि तथा ग्राम संगठन के माध्यम से 60 हजार रुपये का सामुदायिक निवेश कोष प्राप्त हुआ। इसके बाद बैंक लिंकेज के माध्यम से समूह को विभिन्न चरणों में ऋण उपलब्ध कराया गया। प्राप्त वित्तीय सहायता का उपयोग करते हुए श्रीमती उर्वशी बंजारे ने ईंट निर्माण का कार्य प्रारंभ किया। बैंक लिंकेज एवं समूह से समय-समय पर प्राप्त ऋण राशि का उपयोग उन्होंने अपने व्यवसाय के विस्तार के साथ-साथ परिवार की आवश्यकताओं एवं बच्चों की शिक्षा के लिए किया। इससे उनकी आर्थिक स्थिति लगातार मजबूत होती गई।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पंजीयन प्रारंभ, आवेदन 1 अगस्त से होंगे शुरू

**जांजगीर-चांपा।** राज्य में संचालित शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग, मेडिकल, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं पॉलीटेक्निक कॉलेज आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, को सूचित किया जाता है कि शिक्षा सत्र 2026.27 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृत एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति आवेदन नवीनीकरण के लिए 20 जून एवं नवीन आवेदन के लिए 1 अगस्त से छात्रवृत्ति पोर्टल प्रारंभ किये जायेंगे।

अभिभावकों की बढ़ी परेशानी, चुनिंदा दुकानों में मिल रहा सामान

# महंगी हुई बच्चों की पढ़ाई, फीस से लेकर कापी-किताब के बढ़े दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सीजी पाठ्यक्रम वाले स्कूलों में नए शिक्षा सत्र का आगाज मंगलवार 16 जून से हो चुका है। दरअसल नामचीन स्कूलों में ना केवल फीस में बढोतरी की गई है बल्कि कापी किताब सहित सभी सामानों के दाम बढ़ गए है। खास बात यह है कि इन निजी स्कूलों में पढने वाले बच्चों के पाठ्य सामाग्री ही नहीं गणवेश भी इर बार की तरह इस बार भी चिन्हिंत दुकानों में मिल रहे है।

गौरतलब है कि सीजी पैटर्न वाले स्कूलों में मंगलवार 16 जून से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ हो चुका है। बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने एक ओर जहां लोगों का रूझान निजी स्कूलों की ओर बढते जा रहा है, तो वहीं इनकी फीस और कापी किताबों के दाम भी साल दर साल बढ़ते क्रम में है। सीजी पैटर्न वाले स्कूलों में नए शिक्षा सत्र में प्रवेश को लेकर होड़ मची हुई है। वहीं मनमाने फीस और निरंतर बढ़ते पाठ्य सामाग्री के दामों पर अंकुश लगाने इस बार भी जिम्मेदार शिक्षा विभाग के साथ प्रशासन की कही कोई तैयारी नजर नहीं आ रही है। ऐसे में स्कूलों में जहां मनमाने तौर पर फीस में 10 से 15 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर दी गई है, तो वहीं कापी किताबों की कीमतों में भी बेहताशा वृद्धि हुई है। खास बात यह है कि हर बार की तरह इस बार भी जांजगीर व चांपा शहर में संचालित नामचीन स्कूलों के कापी किताब और गणवेश चिन्हिंत बुक डिपो में ही मिल रहे है। यहीं स्थिति जिले के अकलतरा, शिवरीनारायण, बलौदा, पामगढ़, नवागढ़ जैसे शहरी क्षेत्र में संचालित स्कूलों में भी है। इन जगहों पर संचालित नामचीन स्कूलों में फीस मे तो बढोतरी की ही गई है। चिन्हित दुकानों में मिलने वाले कापी, किताब, जूता मोचा, टाई, बेल्ट और गणवेश उपलब्ध कराने के नाम पर भी मनमानी राशि ली जा रही है। उल्लेखनीय है कि इस तरह की स्थिति पहली बार निर्मित नहीं हो रही है, बीते कई सालों से निजी स्कूल संचालकों की इस तरह की मनमानी चली आ रही है। जिसके आगे ना केवल अभिभावक नमस्तक होने मजबूर होते है, बल्कि शिक्षा विभाग के साथ प्रशासन भी अंकुश लगाने की दिशा में कोई जहमत नहीं उठाता।



### रेट से अभिभावक परेशान, बस्ते के बोझ तले मासूम

निजी स्कूलों में नियमानुसार एनसीआरटी की किताबें चलनी चाहिए, लेकिन नामचीन स्कूलों में अपने मनमाने तौर से सिलेबस तैयार किया जाता है, ऐसे में विद्यालय की कापी किताबें जहां 2-4 हजार तक मिल जाती है, तो वहीं नामचीन निजी स्कूलों में प्रायमरी और मीडिल की किताबें ही इससे दोगुने और तिगुने दामों में मिलती है। ऐसी स्थिति में मनमानी कीमत को लेकर जहां पालकों पर बजट का भार पड़ता है, तो वहीं बस्ते का वजन भी इतना अधिक होता है कि मासूम बच्चे उसे सहजता से नहीं उठा पाते। नियमों के तहत निजी स्कूलों में पढने लिखने वाले बच्चों के बस्तों का बोझ कम करने के उद्देश्य से प्रत्येक अलग अलग दिन सिलेबस के अनुसार पढ़ाया जाना है। वहीं पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम की जानकारी बच्चों पहले ही दी जानी है। ताकि बस्तों का बोझ हो सके, लेकिन इस तरह की गतिविधियां निजी स्कूलों में नजर नहीं आती।

### दिए है निर्देश

निजी स्कूल संचालकों को निर्धारित फीस लेने कहा गया है। साथ ही साथ कोई भी बुक डिपो से पुस्तक खरीद सकते है। इसके लिए भी गाइड लाइन जारी किया गया है।

-अशोक कुमार सिन्हा,
डीईओ
जांजगीर चांपा

# कारों का शीशा तोड़कर दहशत फैलाने के मामले में 4 गिरफ्तार

## दो दर्जन से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

मालखरौदा एवं जैजैपुर क्षेत्र के गांवों में कारों का शीशा तोड़कर चोरी करने के साथ दहशत फैलाने के मामले में पुलिस ने 2 अपचारी बालक समेत 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उक्त मामले का खुलासा पुलिस अधीधक ने प्रेसवार्ता के दौरान किया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राकेश रात्रे पिता मंशराम रात्रे उम्र 24 साल निवासी छोटे सीपत थाना मालखरौदा एवं मालखरौदा व जैजैपुर के अन्य 10 लोगों के द्वारा 11 एवं 12 मई को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा 10-11 मई की रात्रि घरों के सामने खड़े चारपाहिया वाहनों के शीशा को पत्थर व ईटा से तोड़फोड़ की गई। वहीं कार में रखे नगदी रकम 6500 रुपए व 10 हजार के इलेक्ट्रानिक वायर कीमती 7 हजार रुपए कार का जेक पाना कीमती 7 हजार रुपए, 8 हजार रुपए व 9 हजार सहित कुल 47 हजार का माल पार कर दिया। रिपोर्ट पर धारा 178, 179,181, 182,183, 184/ 2026 धारा 303(2). 324(3) बीएनएस कुल 6 अपराध पंजीबध्द किया गया। इसके अलावा थाना जैजैपुर मे कुल 5 अपराध दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी में लिया गया। घटना स्थलों का टॉवर डम्प लेकर लगभग 4 हजार मोबाईल नम्बरों की जांच की गई। इसके अलावा अलग-अलग जगहों खरसियां, रायगढ़ में छापेमारी कर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई है। इसी दौरान गुलशन कुमार बरेठ जो कि दिल्ली भागने की फिराक में थ, जिसे खरसियां रेलवे स्टेशन से एवं 3 संदिग्ध को उनके घर से पकड़ कर हिरासत में लेकर पूछताछ कियार गया। पूछताछ के दौरान घटना व अपराध कारित करना स्वीकार किये जिस पर 2 आरोपी एवं 2 विधि से संघर्षरत बालकों को गिरफ्तार एवं सामाजिक पृष्टभूमि भर कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में ग्राम सुकदा निवासी हर्ष सिदार पिता संतोष सिदार उम्र 19 साल एवं गुलशन कुमार बरेठ पिता लखन बरेठ शामिल रहे।



प्रेसवार्ता के दौरान मामले का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक।

### सरकारी बैंक उपाध्यक्ष की गाड़ी में तोडफोड़

**अकलतरा।** नगर में खड़ी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर की उपाध्यक्ष श्रीमती रजनी साहू ने की थार वाहन को बीती रात किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। वाहन उनके निवास के समीप खड़ी थी। अकलतरा पुलिस ने मामले में धारा 303(2) एवं 62 भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की। जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हुई, जिसके आधार पर एक विधि से संघर्षरत बालक को चिन्हित कर पूछताछ की गई। पुलिस ने आवश्यक साक्ष्य एवं तथ्यों का संकलन कर नियमानुसार आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# निजी स्कूलों में नहीं हो सका पाठ्य पुस्तकों का वितरण, लामबंद हो रहा संचालक संघ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में 450 से अधिक निजी स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। वहीं शिक्षा सत्र की शुरूआत 16 जून से हो चुकी है। इसके बावजूद अधिकांश निजी स्कूलों में पाठय पुस्तकों का वितरण नहीं हो सका है, जिसे लेकर निजी स्कूल संचालक संघ के पदाधिकारियों ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने इस मामले को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द पुस्तक दिलाए जाने की मांग की है।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ ने राज्य में समय पर पाठ्यपुस्तकों का वितरण नहीं होने पर सरकार और पाठ्यपुस्तक निगम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संघ ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ राज्य पाठ्यपुस्तक निगम की लापरवाही और अव्यवस्थित वितरण व्यवस्था के कारण लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। संघ के अध्यक्ष मनोज पाण्डेय और सचिव आलोक शुक्ला द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि राज्य शासन वर्षों से शासकीय विद्यालयों को संकुल स्तर पर और अशासकीय विद्यालयों को जिला स्तर पर समय पर निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराता रहा है, लेकिन पिछले दो वर्षों से स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। संघ का आरोप है कि वर्ष 2025-26 में कई विद्यालयों को सितंबर माह तक भी पूरी किताबें नहीं मिल पाई थीं, जबकि कुछ विषयों की पुस्तकें पूरे शैक्षणिक सत्र में उपलब्ध नहीं हो सकीं। इसके बावजूद पाठ्यपुस्तक निगम ने अपनी व्यवस्था में कोई सुधार नहीं किया। ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले वर्ष निगम ने पुरानी व्यवस्था बदलकर पुस्तकों के वितरण के लिए छह डिपो निर्धारित किए थे, जिससे विद्यालयों को आधी-अधूरी किताबें बड़ी मुश्किल से मिल सकीं। वहीं बारकोड स्कैनिंग की नई व्यवस्था के कारण पुस्तकें मिलने के बाद भी विद्यार्थियों तक पहुंचाने में अतिरिक्त समय लगा और पढ़ाई प्रभावित हुई। संघ का कहना है कि पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष और अधिकारियों के साथ कई दौर की चर्चा के बाद आश्वासन दिया गया था कि सत्र 2026-27 से व्यवस्था में सुधार होगा तथा अशासकीय विद्यालयों को भी संकुल स्तर पर पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी, लेकिन नए सत्र में भी हालात जस के तस बनी हुई है।



ज्ञापन सौंपने पहुंचे निजी स्कूल संघ के पदाधिकारी।

# बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए सड़क के बीचो बीच बेरिकेडिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और आए दिन हो रही घटनाओं को देखते हुए जांजगीर यातायात पुलिस ने यातायात व्यवस्था को सुरक्षित और सुचारू बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल शुरू की है। शहर के व्यस्त मार्ग पर सड़क के बीचों-बीच बैरिकेडिंग कर अस्थायी डिवाइडर का स्वरूप तैयार करते हुए इसका ट्रायल बेस पर परीक्षण किया जा रहा है।

गौरतलब है कि यातायात पुलिस द्वारा बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और आए दिन हो रही घटनाओं को देखते हुए जांजगीर यातायात पुलिस ने यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में एक नई पहल की गई है। यातायात पुलिस द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय जाने वाले मोड़ तक सड़क के बीचो बीच बेरिकेटिंग किया गया है। जिससे आने-जाने वाले वाहनों के लिए अलग-अलग लेन बनाने का प्रयास किया गया है, ताकि यह देखा जा सके कि भविष्य में यदि इस मार्ग को स्थायी रूप से डिवाइडर युक्त डबल लेन बनाया जाता है तो आम नागरिकों और वाहन चालकों के लिए यह कितना सुरक्षित, सुविधाजनक और प्रभावी साबित होगा। जिला यातायात प्रभारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार ने बताया कि यह व्यवस्था फिलहाल एक परीक्षण के रूप में लागू की गई है। इसका उद्देश्य सड़क पर बढ़ती दुर्घटनाओं को रोकना और यातायात संचालन को बेहतर बनाना है। डिवाइडर व्यवस्था से वाहनों को कितना फायदा होगा यह देखना है। इस तरह की व्यवस्था कलेक्टोरेट मोड एवं जांजगीर से चांपा जाने वाले मार्ग पर दिखाई पड़ रही है। ताकि वाहन चालकों को आने जाने में सुविधा मिल सके। वहीं सड़क दुर्घटना से बचा जा सके। इसके लिए व्यवस्था बनाई जा रही है।



सड़क के बीचो बीच लगाया गया बेरिकेट्स।

# शासकीय राशि का दुरूपयोग, महका सरपंच की गई कुर्सी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

शासकीय राशि का दुरूपयोग एवं वित्तीय अनियमितता मामले में महका सरपंच की कुर्सी चली गई है। धारा 40 के तहत एसडीएम ने उन्हें पद से हटा दिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पामगढ़ ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत महका के उपसरपंच महेन्द्र कुमार गोयल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि सरपंच द्वारा पंचायत भवन में बिना किसी बैठक आयोजित किए 15वें वित्त की राशि को आहरण किया गया है। साथ ही सीसी रोड निर्माण कार्य भी मनमाने एंग से प्रारंभ कर दिया गया है। इस मामले को लेकर पामगढ़ सीईओ से शिकायत भी की गई थी। जिसके बाद सीईओ द्वारा मामले की जांच के लिए 3 सदस्यीय दल गठित की गई थी। जिसके बाद जांच रिपोर्ट सीईओ एवं अन्य अधिकारियों को भेजी गई थी। इस मामले में जांच रिपोर्ट एवं अन्य साक्ष्य पाए जाने के बाद छग पंचायतीराज अधिनियम 1993 की धारा 40 के तहत सरपंच ग्राम महका शांति खूंटे को सरपंच पद से पृथक किए जाने का आदेश एसडीएम द्वारा पारित किया गया है। ऐसे में आदेश पारित होने के बाद सरपंच की कुर्सी चली गई।

### 7 लीटर महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस ने दबिश देकर 7 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बलौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एसपी विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। आरोपी बंधन धनवार उम्र 42 साल निवासी धनवार पारा चांदनिया बलौदा के कब्जे से अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

उर्वरक की कालाबाजारी रोकने कृषि विभाग की टीम कर रही निरीक्षण

# 22 हजार 653 मीट्रिक टन खाद का किसानों को किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

खेती किसानी के कामों को देखते हुए जिले में 37 हजार 15 मीट्रक टन उर्वरक का भंडारण किया गया है। साथ ही 22 हजार 653 मीट्रिक टन खाद किसानों को वितरण किया गया है। कृषि विभाग की टीम द्वारा खाद की कालाबाजारी रोकने लगातार उर्वरक संस्थानों में दबिश दी जा रही है।

ज्ञात हो कि आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए जिले में किसानों को समय पर एवं सुगमता से उर्वरक एवं बीज उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग और जिला प्रशासन द्वारा सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। वर्तमान में जिले में विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों एवं प्रमाणित बीजों का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है तथा आवश्यकता के अनुसार वितरण की कार्यवाही निरंतर जारी है। जिले में अब तक कुल 37,015.57 मीट्रिक टन उर्वरकों का भंडारण किया गया है, जिसमें से 22,653.25 मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किसानों को किया जा चुका है। वर्तमान में 14,362.32 मीट्रिक टन उर्वरकों का भंडार उपलब्ध है, जिससे किसानों की आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। उपलब्ध भंडारण में यूरिया 20,992.52 मीट्रिक टन, सिंगल सुपर फास्फेट 4,813.00 मीट्रिक टन, पोटाश 805.00 मीट्रिक टन, डीएपी 3,212.20 मीट्रिक टन तथा एनपीके 7,192.85 मीट्रिक टन शामिल है। वहीं किसानों को अब तक यूरिया 13,265.10 मीट्रिक टन, एसएसपी 2,349.00 मीट्रिक टन, पोटाश 472.60 मीट्रिक टन, डीएपी 2,072.50 मीट्रिक टन एवं एनपीके 4,494.05 मीट्रिक टन का वितरण किया जा चुका है। खरीफ वर्ष 2026 हेतु जिले को 24,255 क्विंटल बीज का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके विरुद्ध 22,660.20 क्विंटल बीज का भंडारण समितियों में किया जा चुका है तथा 17,265 क्विंटल बीज किसानों को वितरित किया जा चुका है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में कृषि विभाग द्वारा उर्वरक भंडारण एवं वितरण व्यवस्था की नियमित समीक्षा की जा रही है। साथ ही सहकारी समितियों, प्राथमिक कृषि साख समितियों एवं निजी विक्रेताओं के माध्यम से उर्वरकों की उपलब्धता पर सतत निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसानों को किसी प्रकार समस्या ना हो।



समिति से खाद ले जाते किसान।

# नाबालिग चला रहे थे बाइक संचालक को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

स्कूल में पढने लिखने वाले नाबालिग बच्चे बाइक चला रहे थे। इस मामले को लेकर यातायात पुलिस स्कूल पहुंची एवं स्कूल संचालक को फटकार लगाई।

ज्ञात हो कि सक्ती पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर के निर्देश पर सक्ती यातायात पुलिस की टीम ने एएसआई सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में मंगलवार 23 जून को संस्कार पब्लिकस्कूल की छुट्टी के बाद सघन चेकिंग अभियान चलाया जिसमें कई नाबालिग़ बच्चे वाहन चलाते पकड़े गए यातायात प्रभारी वाय. एन. शर्मा ने मौके पर स्कूल प्रबंधक को तलब किया। जिन्होंने बताया कि बच्चों के मां-बाप अपनी इच्छा से नाबालिग बच्चों को वाहन दे रहे हैं। प्रबंधक ने कहा कि यातायात नियमों के विरुद्ध कार्य करने पर बच्चे एवं उनके पालक जवाबदार हैं। यातायात प्रभारी वाय.एन. शर्मा एवं उनकी टीम के द्वारा अलग-अलग स्कूलों में यह कार्यवाही प्रतिदिन जारी रहेगी तथा बच्चों के पालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की जाएगी।



**खबर संक्षेप**

## योग शिक्षा से कराया अवगत, योग करने के तरीकों के बारे में दी जानकारी



**बिर्रा।** यूथ पीस फाऊंडेशन की टीम द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समुदायिक साहू भवन बिर्रा में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कई लोग शामिल हुए और योग अभ्यास करके स्वस्थ जीवन के प्रति एक कदम बढ़ाए। आयोजित कार्यक्रम में न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक शांति और सामाजिक समरसता को बढ़ावा दिया गया। इस कार्यक्रम में योग शिक्षक के रूप में सुमन लता नामदेव ने सभी प्रतिभागियों को योग शिक्षा से अवगत कराया योग करने के तरीकों के बारे में बताया। यूथ पीस फाऊंडेशन की टीम द्वारा योग शिक्षक सुमन लता नामदेव जी को डॉ. प्रेम रावत द्वारा रचित पुस्तक श्वास भेंट की गई। सुमन लता जी इस कार्यक्रम से बेहद प्रभावित हुई और सभी प्रतिभागी इसमें शामिल होकर बहुत ही खुश नजर आए और योग को अपने जीवन में अमल करने का निश्चय किया टीम का सहयोग बहुत ही सराहनीय रहा। अनिल साहू, चेतन साहू ,सतीश कश्यप, फागूलाल साहू, प्रीति कश्यप, मनबोध पटेल आदि के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जगह-जगह हुआ आयोजन, छात्र-छात्राओं के साथ जनप्रतिनिधियों ने किया योग

# योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर : विश्वकर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला, जे.के. नेशनल स्कूल एवं धीरेंद्र कुमार सिंह प्राथमिक शाला के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों, एनएसएस स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट एवं गाइड सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया।



योग करते छात्र-छात्राएं एवं अन्य।

स्वस्थ आयु के लिए योग विषय पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) पुरुष इकाई के कार्यक्रम अधिकारी आर.के. पाण्डेय, महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी वर्षा यादव, एनसीसी अधिकारी मो. जफरुल्लाह, स्काउट प्रभारी अनुराग कसेर एवं गाइड प्रभारी देवकी वैष्णव की उपस्थिति में योगाभ्यास कराया गया। विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों ने ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, वृक्षासन, उष्ट्रासन सहित भ्रामरी, ओंकार तथा अनुलोम-विलोम प्राणायाम का अभ्यास कर योग के महत्व को आत्मसात किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य आर.के. विश्वकर्मा ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन प्रसन्न और व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। योग तनावमुक्त एवं संतुलित जीवन जीने का सर्वोत्तम माध्यम है। कार्यक्रम में जे.के. नेशनल स्कूल के एडमिन करण सिंह, धीरेंद्र कुमार सिंह प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक रवि वर्मा, विद्यालय परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी, एनएसएस स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट एवं गाइड सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष सौरभ सिंह, उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव ईश्वर खंडेलिया, सह सचिव पंकज दोषी, कोषाध्यक्ष स्वप्निल जैन, आय-व्यय निरीक्षक विकास केडिया सहित ट्रस्ट के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं नगरवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए योग को स्वस्थ और समृद्ध जीवन का आधार बताया।

## विद्यार्थियों के साथ सरपंच, पंच व पालकों ने किया योगाभ्यास

**किरारी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्राम किरारी के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में रविवार को सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों के साथ बड़ी संख्या में पालकों ने भी भाग लिया और विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच अशोक कश्यप ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का इतिहास भले ही अपेक्षाकृत नया हो, लेकिन इसकी जड़ें भारतीय संस्कृति और प्राचीन परंपरा में अत्यंत गहराई से जुड़ी हैं। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि व्यक्ति के विचारों में शुद्धता, अनुशासन और सकारात्मकता भी लाता है। कार्यक्रम में कमल कश्यप उपसरपंच सभी पंचगण सहित प्रधान पाठक करूणा यादव, गोपेंद्र पटेल, रजनी पाण्डेय, अनुरंजिता सिंह, सीता कुर्रे, दीपक भानू, गोपाल नागदेव, अनुभव तिवारी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। सभी ने योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कर स्वस्थ जीवन अपनाने का संकल्प लिया।



## योग करने से ठीक रहता है स्वास्थ्य, मिलती है नई ऊर्जा



**सक्ती।** परमेश्वरी देवी शिक्षण समिति द्वारा संचालित परमेश्वरी पब्लिक स्कूल में 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष योग सभा का आयोजन किया गया। योग कार्यक्रम में पतंजलि परिवार सक्ती से मास्टर ट्रेनर डॉक्टर लोमश पटेल एवं सहयोग शिक्षक भानु कुंभकार के द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं को योगाभ्यास कराया गया हैं। मास्टर ट्रेनर डॉक्टर लोमश पटेल ने सभी विद्यार्थियों को प्रतिदिन योगाभ्यास करने की सलाह देते हुए कहा कि योग करने से स्वास्थ्य ठीक रहता हैं और साथ ही शरीर के अंदर एक नयी ऊर्जा विकसित होती हैं। सभी लोगों को प्रतिदिन योगभ्यास करना चाहिए। सहायक शिक्षक भानु कुंभकार के द्वारा योगाभ्यास करते समय सभी योग के लाभों से अवगत कराया गया। बच्चों को समझाया गया कि बचपन से नियमित योग कर एक स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की मजबूत नींव रखी जा सकती है। इस अवसर पर समिति कोषाध्यक्ष रेखा देवांगन, संस्था प्रमुख एम विकास देवांगन, प्रभारी शारदा नामदेव एवं गरिमा यादव सहित समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी प्रधान के द्वारा किया गया।

## अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन सक्ती के मुकेश बने जिलाध्यक्ष व प्रकाश महामंत्री





**सक्ती।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश प्रभारी ईश्वर प्रसाद अग्रवाल की अनुशंसा पर संगठन के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल ने प्रदेश में संगठन विस्तार एवं सामाजिक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। इसी क्रम में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, सक्ती के जिलाध्यक्ष पद पर मुकेश बंसल तथा जिला महामंत्री पद पर प्रकाश अग्रवाल की नियुक्ति की गई है। इन नियुक्तियों की घोषणा होते ही सक्ती शहर सहित जिले के अग्रवाल समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन के प्रति उनके समर्पण और सक्रियता की सराहना की। समाज के लोगों ने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों पदाधिकारी संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय में मनाया गया योग दिवस



**अकलतरा।** श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय, बनाहिल में एनसीसी इकाई के तत्वावधान में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की पहली कार्यक्रम के रूप में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। महाविद्यालय परिसर में सुबह 7 बजे योग सत्र का आयोजन हुआ। योगाचार्य रमेंद्र सिंह चौहान एवं उनके शिष्य विक्रम सिंह चौहान ने योग सत्र का संचालन किया। इस दौरान प्राणायाम और कई महत्वपूर्ण योग आसन कराए गए। कार्यक्रम में ऋषभ शिक्षण समिति के संस्थापक डॉ. जय कुमार जैन, सचिव अंकित जैन सहित प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएं और एनसीसी के कैडेट्स उपस्थित रहे। योगाचार्य रमेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि नित्य योग करने से रोगों को शरीर में आने से रोका जा सकता है। उन्होंने सभी से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।डॉ. जय कुमार जैन द्वारा योगाचार्य रमेन्द्र कुमार चौहान को योग सत्र के बाद स्मृति चिन्ह देकर उनका आभार व्यक्त कर गुरु-शिष्य परंपरा और योग के प्रति सम्मान प्रकट किया। योग सत्र में डॉ.प्रतिमा रानी द्विवेदी, ओमप्रकाश सोनी, अरविंद कुमार,दुर्गा टण्डन,संजीव चौहान, श्वेता सिंह चंदेल, संध्या सिंह,कमलकांत साहू,नवीन आदित्य,नगेंद्र कुमार जांगड़े,राहुल राठौर,अर्जुन दास मोहले,संजना भास्कर,सोनम साहू,प्रिया खरे,श्रद्धा राठौर,सरिता पटेलराष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक,एनसीसी के कैडेट एवं समस्त महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

## सिवनी हाई स्कूल मैदान में योग शिविर का आयोजन

**बहेराडीह।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्राम सिवनी के हाई स्कूल मैदान में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिले के वूशु संघ के खिलाड़ियों, वॉलीबॉल संघ के खेल प्रेमियों और स्थानीय स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और सामूहिक रूप से योग व ध्यान साधना का अभ्यास किया। कार्यक्रम का उद्घाटन वॉलीबॉल कोच शोभा यादव ने सूर्य नमस्कार के साथ करवाया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित बच्चों को योग और विशेषकर सूर्य नमस्कार के शारीरिक व मानसिक लाभों से अवगत कराते हुए इसके महत्व को रेखांकित किया। शिविर में मुख्य मार्गदर्शक के रूप में समाजसेवी एवं हाई स्कूल सिवनी के शिक्षक अशोक तिवारी ने बच्चों को ध्यान एवं साधना की बारीकियों से परिचित कराया। उन्होंने बच्चों को प्राणायाम, भ्रामरी, अनुलोम-विलोम, और ताड़ासन जैसे महत्वपूर्ण योगासनों का अभ्यास कराया। योग शिविर के दौरान खेल और सामाजिक जिम्मेदारी का एक अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम को प्रीतम दास महंत अध्यक्ष, जिला वूशु संघ, गुलाब चंद यादव सचिव जिला वूशु संघ ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में हाई स्कूल के हेड मास्टर आर.पी. देवांगन, शिक्षक यशवंत देवांगन, घनश्याम शुक्ला, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनमोहन देवांगन, रामरतन राठौर, शिव सिंह सिदार, मनोज महंत, ममता देवांगन एवं केशव बरेठ, गायत्री पाण्डेय व अविनाश मांझी के साथ बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और ग्रामीण उपस्थित थे।



## राहौद व्यापारी समिति के मॉडल स्कूल प्रस्ताव पर शिक्षा विभाग ने लिया संज्ञान, दिव्यांग बच्चों की उम्मीदों को मिला सहारा

**राहौद।** विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर व्यापारी सेवा समिति राहौद द्वारा किया गया प्रयास अब नई उम्मीद बनकर उभरा है। दृष्टि एवं श्रवण बाधित (दिव्यांग) बच्चों के लिए तैयार की गई मॉडल स्कूल अवधारणा पर शासन द्वारा संज्ञान लिए जाने के बाद क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है।



व्यापारी सेवा समिति के सदस्य आलोक अग्रवाल द्वारा विशेष बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा, आत्मनिर्भरता और समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए एक अभिनव मॉडल स्कूल प्रस्ताव तैयार किया गया था। इस प्रस्ताव में ऐसे शैक्षणिक वातावरण की कल्पना की गई है, जहां दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा, प्रशिक्षण, तकनीकी संसाधन और विकास के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। इस जनहितकारी प्रस्ताव को राष्ट्रपति सचिवालय, नई दिल्ली को प्रेषित किया गया था। प्रस्ताव के महत्व को देखते हुए राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा इसे आगे प्रेषित किया गया, जिसके पश्चात यह विषय छत्तीसगढ़ शासन तक पहुंचा। शासन द्वारा इस प्रस्ताव पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किए जाने को विशेष बच्चों के हित में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि व्यापारी सेवा समिति सदस्य आलोक अग्रवाल द्वारा इस मॉडल स्कूल अवधारणा को देश के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के लिए भी भेजा गया है। समिति को उम्मीद है कि विशेष बच्चों की शिक्षा और उनके अधिकारों से जुड़े इस विषय को राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिलेगी तथा समाज में इस दिशा में सकारात्मक सोच को बल मिलेगा। व्यापारी सेवा समिति राहौद ने इस उपलब्धि को केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि हजारों दिव्यांग बच्चों और उनके परिवारों की उम्मीदों को मिली नई मजबूती बताया है। समिति का मानना है कि यदि भविष्य में इस अवधारणा को व्यापक स्तर पर समर्थन मिलता है, तो विशेष बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।

# शिक्षा के माध्यम से ही विकसित होगा राष्ट्र का भविष्य : जयपुरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बम्हनीडीह

नगर पंचायत बम्हनीडीह स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव समारोह उत्साह और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति अध्यक्ष गगन जयपुरिया रहे । उनके नेतृत्व में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया तथा निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, शाला गणवेश और सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत साइकिलों का वितरण किया गया । इस दौरान गगन जयपुरिया ने कहा कि बच्चों की सफलता ही समाज की सफलता है और आज के विद्यार्थी ही भविष्य के भारत के निर्माता हैं । उन्होंने बच्चों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। गगन जयपुरिया ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास की सबसे बड़ी आधारशिला है। उन्होंने पालकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का विशेष स्वागत किया गया, जिससे बच्चों में विद्यालय के प्रति उत्साह देखने को मिला। समारोह में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, गणवेश और पात्र छात्राओं को साइकिल वितरित की गई । सामग्री प्राप्त करने के बाद बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। अतिथियों ने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा से जोड़ना और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे । कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति आशा साव, तुषार जायसवाल, अंजली नवीन सराफ, नेक मोहम्मद खान, भूपेंद्र डड़सेना, मोहन डडसेना, आदित्य वस्त्रकार, संतोष पटेल, रमेश पटेल, उमेश पटेल, गणेश अजगल्ले, राजेंद्र जायसवाल, विशाल सराफ, ओमप्रकाश साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पालक और नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में बीईओ रत्ना थवाईत, बीआरसी हिरेंद्र बेहार, प्राचार्य बजरंग श्रीवास सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

- स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव समारोह आयोजित



जाँजगीर मार्केट

फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
लकड़ी सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, चेहली, राफ्टर, बेड़ी, दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल, दीवान, पलंग, आलमारी, सोफासेट, ड्रेसिंग, कुलर, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

प्रवेश प्रारंभ
YASH ITI Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T.
दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त कोर्स
ENGINEERING COURSE
1. Electrician 10TH PASSED 2 Year Course
2. Fitter 10TH PASSED 2 Year Course
3. Welder 10TH PASSED 1 Year Course
4. Diesel Mechanic 10TH PASSED 1 Year Course
NON- ENGINEERING COURSE
1. COPA - 10TH PASSED 1 Year Course
2. Health Senatory Inspector-10TH PASSED 1 Year Course
3. Steno Grapher (Hindi)-10TH PASSED 1 Year Course
संपर्क- यश आई.टी.आई.
साईं मंदिर के पास लछनपुर (चांपा), जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
मो. 88719-11141, 97533-79677

TOP IN JANJGIR

APPROVED BY NSDC CENTER NO. 69240
Leda's
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
10 वी एवं 12 वी के छात्रो के लिए सुनहरा अवसर एक वर्षीय कोर्स
प्रवेश प्रारंभ सीमित सीट उपलब्ध
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स
जांजगीर (छ.ग.) 495668 मो. 9399743304
कोर्स
- MPW-पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
- COT-सर्टिफिकेट इन OT टेक्नीशियन
- DMLT-डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
- EMT-पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नी.
- एक्स-रे टेक्नीशियन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंश
अस्पतालो या पैथोलैब में कार्यरत विद्यार्थियो के पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध

ADMISSIONS OPEN
Balvatika PLAY SCHOOL
PLAYGROUP TO CLASS 8TH
PLAYGROUP | NURSERY | JUNIOR KG | SENIOR KG | CLASS 1st to CLASS 8th
9098888246 | 9098888644
Founder & Director DHANANJAY CHATURVEDI
B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing
15 Years Experience

EDUCATION HUB
एक सफल भविष्य की शुरुआत
ADMISSION OPEN ENROLL NOW
CG & CBSE BOARD
Hindi & English Medium
CLASSES 1st to 8th ALL SUBJECT
SPECIAL CLASS 9th to 12th
PHYSICS | CHEMISTRY | MATHSBIOLOGY | COMMERCE
9098888246 | 9098888644
Founder & Director DHANANJAY CHATURVEDI
B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing
15 Years Experience

**ईश्तहार**

मेरे मुवक्किल के दादा बुंदेलसिंह पिता जोतप्रसाद जाति गभेल निवासी फगुरम तहसील सक्ती जिला बिलासपुर (वर्तमान तहसील अड़भार जिला सक्ती) द्वारा मोहनीराम सतनामी साकिन कुधरी तहसील सक्ती जिला बिलासपुर, (वर्तमान तहसील अड़भार, जिला सक्ती) से ख.न. 150/2 रकबा 0.25 एकड़ भूमि को रजिस्टर्ड विक्रयपत्र के माध्यम से दिनांक 18/04/74 को विधिवत क्रय किया था जिस पर विक्रेता के भाईयों द्वारा एक इकरारनामा दिनांक 19/4/74 को निस्पादित कर सहमति दिये थे, इस प्रकार वादी के पिता द्वारा वादभूमि को खरीदकर तथा विधिवत संशोधन क्र. 237 दिनांक 20/1/75 के द्वारा अपने नाम पर दर्ज कराकर अपने जीवनभर अधिकारपूर्वक काबिज काश्त करते आ रहा था, सन 1985-86 कें बी-1 में वादभूमि बुंदेलसिंह वल्द जोतप्रसाद के नाम पर दर्ज हुआ था जिसमें वादभूमि का ख.न. 150/2 रकबा 0.25 एकड़ दर्शाया गया है, तथा बुंदेलसिंह को ऋणपुस्तिका क्र. 74148 प्रदान किया गया था उसमे भी वादभूमि का ख. न.150/2 रकबा 0.25 एकड़ दर्शाया गया है। बुंदेलसिंह के मृत्यु के बाद उक्त भूमि पर उसका पुत्र नत्थूलाल गवेल काबिज काश्त कर रहा था तथा नत्थूलाल गवेल के मृत्यु के बाद उसके पुत्र /पुत्रियां राजदीप गवेल, नीलमाधव गवेल, निरंजना गवेल, भुवनेश्वरी गवेल, हिरतिमा गवेल, नीमा गवेल काबिज काश्त करते आ रहे है, उक्त भूमि मे से ख. न. 150/5 रकबा 0.15 एकड़ को सुनीलकुमार अग्रवाल पिता गोविन्दराम अग्रवाल निवासी खरसियां जिला रायगढ़ द्वारा विधिविरूध्द रूप से अपने नाम पर कराकर उक्त भूमि को विक्रय करना चाहता है, उक्त भूमि पर सुनीलकुमार अग्रवाल का हक स्वत्वव कब्जा नहीं है तथा उक्त भूमि के संबंध में श्री मान व्यवहार न्यायालय कनिष्ठ श्रेणी मालखरौदा में व्यवहार वाद लंबित है, जो नत्थूलाल वगै बनाम मोहनीराम वगै के नाम से है जिसका व्य.वा. क्र. 02/22 है तथा पेशी दिनांक 27/06/26 को नियत है । इस इश्तहार के द्वारा आम जनता को सुचित किया जाता है कि साकिन कुधरी स्थित ख.न. 150/5 रकबा 0.15 एकड़ भूमि को न खरीदें जो खरीदेगा उसे भी उक्त प्रकरण में पक्षकार बनाया जायेगा, जिसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा।
दिनांक 20/06/26
प्रार्थी
राजदीप गवेल

**न्यायालय तहसीलदार पामगढ़ जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**

**नोटिस सूचना पत्र**

क्रमांक / 472 /वाचक / तह. / 2026
पामगढ़, दिनांक 22/06/26

प्रति,
1. सूर्यप्रकाश पिता गुहाराम जाति सतनामी साकिन मुलमुला तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

**विषय:- उपस्थिति बाबत्।**

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक अनुज कुमार पिता भक्तुराम मनहर जाति सतनामी साकिन मुलमुला तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 178 छ.ग. भू. रा. सं. 1959 के तहत खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन किया है कि आवेदक के हक कब्जे की भूमि ग्राम मुलमुला मे ख.न. 17/1, 38/9, 86/10, 99/2, 417/2, 108/28 कुल रकबा 1.664 हे. भूमि स्थित है। जो कि आवेदक एवं अनावेदकगण के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। पक्षकारों के मध्य वाद भूमि का बटवारा नहीं हुआ है। वाद भूमि पर आवेदक का 1/9 अंश निहित है। जिसका पृथक खाता विभाजन करवाना चाहता है। वाद भूमि से आवेदक का 1/9 अंश का भूमि पृथक खाता बनाये जाने हेतु आवेदन किया है। आवेदन पत्र के समर्थन में सहमति पत्र, बी-1 खसरा, आधार कार्ड संलग्न है।
अतः आप दिनांक 30/06/2026 को न्यायालय पामगढ़ में उपस्थित होना सुनिश्चित करे।
तहसीलदार
पामगढ़ जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

**प्रारूप - (तीन)**
**शपथ पत्र का प्रारूप**
**(समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय पामगढ़ जिला-जांजगीर चांपा छ.ग )**

मैं साहेबलाल खुटे (SAHEBLAL KHUTE) पिता शत्रुहन खुटे (SATRUHAN KHUTE) निवासी वार्ड नं. 19 भलवाही (लगरा) तहसील पामगढ़ जिला - जांजगीर चांपा छ.ग का स्थाई निवासी हूँ। मैं शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन प्रस्तुत करता हूँ:-
1. यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 5794 4538 4277 है जिसमे मेरा नाम रैनदास (RAINDAS) दर्ज है,जो कि असत्य है।
2. मेरे वोटर कार्ड व राशन कार्ड में नाम साहेबलाल खुटे दर्ज है, जिसके अनुसार अपने आधार कार्ड का नाम सुधार करना चाहता हूँ।
3. मैं यह शपथ पत्र अपने पुरे होशोहवास में हस्ताक्षर कर रहा हूँ, तथा समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय पामगढ़ को प्रस्तुत कर रहा हूँ|
4. मैं अपने पुराने रैनदास (RAINDAS) को बदल कर नया नाम साहेबलाल खुटे (SAHEBLAL KHUTE) रख लिया हूँ, अब मुझे इसी नाम से जाना/पहचाना एवं संबोधित किया जाएं।
5. यह कि छ.ग राजपत्र मेरा नाम साहेबलाल खुटे (SAHEBLAL KHUTE) प्रकाशन के लिए प्रस्तुत हैं।
6. मैं अपने नाम बदल कर यदि कोई गैर क़ानूनी काम करता हूँ, तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

दिनांक:- 19.06.2026
स्थान:- पामगढ़
साहेबलाल खुटे -शपथकर्ता

**प्रारूप-(तीन)**
**शपथ पत्र का प्रारूप**
**(समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय पामगढ़ जिला - जांजगीर चांपा छ.ग.)**

मैं सहदेव प्रसाद पिता त्रिपती निवासी ग्राम पोस्ट -वार्ड नं. 04 भाठा पारा सिल्ली तहसील पामगढ़ जिला - जांजगीर चांपा छ.ग का स्थाई निवासी हूँ। मैं शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन प्रस्तुत करता हूँ:- 1. यह कि मेरे पुत्री के आधार कार्ड में नाम कुमारी नेहा ( KUMARI NEHA) पिता सहदेव (SAHADEV) दर्ज है, जो कि असत्य है। 2. यह कि कक्षा 10 वीं में नाम नेहा (NEHA ) पिता सहदेव प्रसाद श्रीवास (SAHDEV PRASAD SRI-WASH) दर्ज है, जिसका अनुक्रमांक 1243210600 के अनुसार अपने पुत्री के आधार कार्ड में नाम सुधार करना चाहता हूँ। 3. मैं यह शपथ पत्र अपने पुरे होशोहवास में हस्ताक्षर कर रहा हूँ, तथा समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय पामगढ़ को प्रस्तुत कर रहा हूँ। 4. मैं अपने पुत्री का पुराना नाम कुमारी नेहा (KUMARI NEHA ) पिता सहदेव (SAHDEV). को बदल कर नया नाम नेहा (NEHA ) पिता सहदेव प्रसाद श्रीवास (SAHDEV PRASAD SRIWASH) रख लिया हूँ, अब इसी नाम से जाना/पहचाना एवं संबोधित किया जाएं। 5. यह कि छ.ग. राजपत्र में नाम नेहा (NEHA) प्रकाशन के लिए प्रस्तुत हैं। 6. मैं अपने पुत्री का नाम बदल कर यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूँ, तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

दिनांक:17/06/2026 स्थान:-पामगढ़
सहदेव श्रीवास- शपथकर्ता

**प्रारूप - (तीन)**
**शपथ पत्र का प्रारूप**
**(समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय पामगढ़ जिला-जांजगीर चांपा छ.ग.)**

मैं पूर्णिमा पाटले पति नमित पाटले निवासी वार्ड नं. 14 नियर ब्लाक कॉलोनी पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला-जांजगीर चांपा छ.ग का स्थाई निवासी हूँ। मैं शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन प्रस्तुत करती हूँ:- 1. यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 7419 7524 6171 है, जिसमें नाम पूर्णिमा पाटले (PURNIMA PATLE) दर्ज है, जो कि असत्य है। 2. मेरे शैक्षणिक दस्तावेज B.A, MA में नाम पूर्णिमा पाटले (PURNIMA PATLEY) दर्ज है, जिसके अनुसार अपने आधार कार्ड का नाम सुधार करना चाहती हूँ। 3. मैं यह शपथ पत्र अपने पुरे होशोहवास में हस्ताक्षर कर रही हूँ, तथा समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय पामगढ़ को प्रस्तुत कर रही हूँ । 4. मैं अपने पुराने उपनाम पाटले (PATLE) को बदल कर नया उपनाम पाटले (PAT-LEY) रख ली है, अब मुझे इसी उपनाम से जाना / पहचाना एवं संबोधित किया जाएं। 5. यह कि छ.ग राजपत्र में मेरा नाम पूर्णिमा पाटले ( PURNIMA PATLEY) प्रकाशन के लिए प्रस्तुत हैं। 6. परिवर्तन का प्रकार उपनाम में पाटले (PATLE) से बदलकर पाटले (PATLEY) करना है। 7. मैं अपने नाम बदल कर यदि कोई गैर कानूनी काम करती हूँ, तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगी।

दिनांक:19/06/2026 स्थान:- पामगढ़
पूर्णिमा पाटले-शपथकर्ती

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# डू डाई डू का ट्रेलर रिलीज, बिना शोर हुमा ने मचाया कोहराम...

**मुंबई।** हुमा कुरैशी की आगामी फिल्म 'डू डाई डू'का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में उनका खतरनाक अंदाज देखकर फैंस चौंक जाएंगे। इस ट्रेलर में फिल्म की कहानी भी काफी हद तक अंदाजा हो जाता है। यह फिल्म 3 जुलाई को रिलीज होगी। फिल्म 'डू डाई डू' का ट्रेलर में हुमा कुरैशी का लुक और किरदार दर्शकों को हैरान करने वाला है। इस थ्रिलर एक्शन ड्रामा फिल्म का ट्रेलर देखकर फैंस के बीच फैंस के बीच उत्सुकता पैदा हो सकती है। इस ट्रेलर में चंकी पांडे भी कॉमिक रोल से हटकर बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आते हैं। साथ ही हुमा कुरैशी के कथित बॉयफ्रेंड रचित सिंह भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

## लाइफ Style



# रश्मिका

## सच्चे प्यार पर करते आए हैं भरोसा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'कॉकटेल 2' में दीया रेड्डी का किरदार निभाने वाली रश्मिका मंदाना ने सोमवार को अपनी फिल्म 'कॉकटेल 2' का एक बिहाइंड द सीन वीडियो शेयर किया है। इसके साथ में रश्मिका ने एक प्यारा संदेश भी लिखा है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'कॉकटेल 2' में रश्मिका, शाहिद कपूर और कृति सेनन की रोमांटिक केमिस्ट्री दर्शकों को देखने को मिल रही है।

सोमवार को रश्मिका ने सोशल मीडिया पर फिल्म की शूटिंग के दौरान का एक बिहाइंड द सीन वीडियो शेयर किया है। यह फिल्म 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इसमें रश्मिका के साथ शाहिद कपूर और कृति सेनन भी मुख्य भूमिका में हैं। रश्मिका ने इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म 'कॉकटेल 2' का एक खास बीटीएस वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में रश्मिका अपने किरदार दीया की तैयारी करती नजर आ रही हैं। वीडियो के साथ उन्होंने एक बेहद भावुक मैसेज भी लिखा। रश्मिका ने लिखा, 'हम हमेशा से सच्चे प्यार पर भरोसा करते आए हैं और हमने इसे जीकर भी दिखाया है। ढेर सारे प्यार के साथ विदा। आपकी, दीया रेड्डी और रश्मिका। रश्मिका की इस पोस्ट पर फिल्म की स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अडाजानिया ने कमेंट किया, 'दीया रेड्डी का लुक शानदार था और रश्मिका ने मेरा दिल जीत लिया।' वहीं रश्मिका के फैंस भी उनके इस किरदार पर जमकर प्यार लुटा रहे हैं। फिल्म 'कॉकटेल 2' साल 2012 में आई कॉकटेल'का सीक्वल है। 'कॉकटेल' में दीपिका पादुकोण, सैफ अली खान और डायना पेंटी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। वहीं 'कॉकटेल 2' का निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है।

## हॉलीवुड मसाला



# टीवी को दिए 50 से ज्यादा हिट शोज

**नई दिल्ली।** दर्शकों को फ्रेंड्स और विल एंड ग्रेस जैसे तमाम हिट शोज देने वाले दिग्गज टेलीविजन डायरेक्टर जेम्स बरोज अब इस दुनिया में नहीं रहे। 1940 में लॉस एंजेलिस में जन्मे जेम्स ने अपना करियर थिएटर से स्टार्ट किया। और फिर 1967 के नाटक 'हॉली गोलाइटली' में असिस्टेंट स्टेज मैनेजर के तौर पर काम किया। यहीं से उनका करियर शुरू हुआ। उन्होंने 50 से ज्यादा टीवी शोज में 1000 से ज्यादा एपिसोड्स को डायरेक्ट किया है। उन्हें फ्रेंड्स के अलावा द मैरी टायलर मूर शो, टैक्सी, चीयर्स, फ्रेजियर, फ्रेंड्स के लिए जाना जाता है।



# प्रियंका ने निक को कहा बेस्ट डैड, शेयर की तस्वीर

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा ने फादर्स डे पर सोशल मीडिया पर बेटी मालती मैरी के साथ निक जोनस की एक प्यारी तस्वीर शेयर की है। इसकी के साथ प्रियंका ने निक को 'बेस्ट डैड' का खिताब भी दिया है। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने फादर्स डे के मौके पर अपने पति निक जोनस के लिए सोशल मीडिया पर एक बहुत ही प्यारा मैसेज शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने निक और अपनी बेटी की एक खूबसूरत तस्वीर भी पोस्ट की है, जिसे देखकर फैंस बेहद खुश हैं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर एक प्यारी तस्वीर शेयर की है, जिसमें निक और उनकी बेटी मालती मैरी एक गोल्फ कोर्स में टहलते हुए नजर आ रहे हैं। तस्वीर में मालती ने गुलाबी रंग की हुडी और लाल शॉर्ट्स पहने हुए हैं। यह फोटो दिखाती है कि दोनों साथ में कितना अच्छा समय बिता रहे हैं।



# हार्टब्रेक गाने सिर्फ पुरुषों के लिए...

**नई दिल्ली।** सिंगर सोना मोहापात्रा अक्सर इंडस्ट्री से जुड़े मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखती हैं। चाहे बात सेक्सिज्म की हो या महिलाओं की कम हिस्सेदारी की, सोना हमेशा बेबाक नजर आती हैं। अब उन्होंने बॉलीवुड म्यूजिक इंडस्ट्री को लेकर एक और बड़ा बयान दिया है। अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए सोना ने कहा, 'बॉलीवुड के सारे हार्टब्रेक गाने पुरुषों के लिए रिजर्व हैं। प्यार भी वही महसूस करते हैं, दर्द भी वही दिखाया जाता है। मुझे जब भी किसी डुएट गाने के लिए बुलाया गया, तो अक्सर मुझे सिर्फ आखिर में गाने का मौका मिला।' सोना ने आगे कहा, 'इस गाने में मुखड़ा, अंतरा- सब कुछ पुरुष सिंगर ने गाया। मैं बस आखिर में आती हूं। मैंने म्यूजिक डायरेक्टर से पूछा- क्या आदमी खुद से ही प्यार कर रहा है? ये कैसा डुएट है, जिसमें लड़की आखिर में आती है?'



# या बाबा गाने में नोरा के साथ राकेश...

**नई दिल्ली।** नोरा फतेही और शिल्पा राव 'या बाबा' के लिए साथ आई हैं, जो 'वर्ल्ड म्यूजिक डे' पर रिलीज हुआ एक शानदार नया गाना है। टी-सीरीज और भूषण कुमार द्वारा पेश किया गया यह गाना म्यूजिक, डांस, कल्चर और जश्न का एक बड़ा उत्सव है, जिसमें अनुभवी एक्टर राकेश बेदी ने जान डाल दी है। गाने में अरबी प्रभाव न सिर्फ म्यूज़िक में, बल्कि वीडियो के विज़ुअल मूड में भी साफ झलकता है। नतीजा एक ऐसा क्रॉस-कल्चरल ऑडियो-विज़ुअल पैकेज है जो भारतीय त्योहारों की भव्यता और ग्लोबल म्यूज़िक स्टाइल को एक साथ लाता है। मशहूर एक्टर राकेश भी इस म्यूजिक वीडियो में नजर आ रहे हैं और गाने की खूबसूरती को और बढ़ा रहे हैं। अपनी शानदार स्क्रीन प्रेजेंस और कॉमिक टाइमिंग के लिए पहचाने जाने वाले राकेश, 'या बाबा' के फेस्टिव जोश में रमे हुए दिख रहे हैं।

## टीवी मसाला



# जाकिर के आखिरी शो 'पापा यार' में अब्बा ने बजाया सितार

**नई दिल्ली।** देश के पॉपुलर स्टैंडअप कॉमेडियंस में शुमार जाकिर खान हाल ही मुंबई में अपना आखिरी शो किया, जिसने सभी को भावुक कर दिया। न सिर्फ जाकिर खान, बल्कि उनके फैंस के लिए भी कॉमेडियन के आखिरी शो की शाम बहुत ही इमोशनल रही। जाकिर खान ने अपने सुपरहिट टूर 'पापा यार' का आखिरी शो मुंबई में किया, पर इस दौरान उन्हें एक ऐसा सरप्राइज मिला, जिसे देख हर किसी की आंखें छलक उठीं। दरअसल, जाकिर के आखिरी शो में पिता ने सरप्राइज एंट्री मारी और बेटे के शो का अंत किया। जाकिर खान का शो एसवीपी डोम स्टेडियम में हुआ था, जिसके वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि शो खत्म होने से कुछ ही पल पहले जाकिर खान के पिता अचानक स्टेज पर आते हैं। पिता को देख जाकिर भावुक हो गए और उन्हें गर्मजोशी से गले लगा लिया। दोनों के इस दिल को छू लेने वाले पल को देख दर्शकों से खचाखच भरा स्टेडियम जोरदार तालियों और चियर्स से गूंज उठा। जाकिर खान के पिता मशहूर सितारवादक उस्ताद इस्माइल खान हैं। उन्होंने बेटे के आखिरी शो को एक शानदार और भावुक अंत दिया, जिसे देख हर किसी का दिल पिघल गया। जाकिर खान के भी आंसू छलक पड़े। यह सरप्राइज और भी खास इसलिए बन गया क्योंकि यह फादर्स डे के मौके पर था। फैंस जाकिर के पिता की परफॉर्मेंस का क्लिप सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं और उनका कहना है कि फादर्स डे पर जाकिर के पिता का उनके आखिरी शो में सितार बजाने से ज्यादा इमोशनल कुछ था।

## सुनील का समय पर चढ़ा पारा

**नई दिल्ली।** स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना इन दिनों 'इंडियाज गॉट लेटेंट सीजन 2' को लेकर चर्चा में हैं। सुनील पाल ने समय रैना के उस भद्दे मजाक का करारा जवाब दिया है, जब उन्होंने कपिल शर्मा के शो पर



सवाल किया था- आप ब्रश क्यों नहीं करते? अब सुनील पाल ने उसी अंदाज में उन्हें तगड़ा जवाब दिया है। दरअसल हाल ही में नेटफ्लिक्स इंडिया पर 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में सुनील और समय का आमना-सामना हुआ था, जब सुनील ने समय की कॉमेडी शैली पर अपनी आपत्ति जताई थी। इसी शो का वो क्लिप दिखाया गया है जिसमें समय सुनील पाल से समय कहते दिख रहे हैं- मुझे आपसे कोई दिक्कत नहीं सर, बस एक ही है, आप ब्रश क्यों नहीं करते हैं?' उन्होंने समय रैना पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए अपने पुराने अंदाज में कहा, 'मैं तुम्हें समय रैना सिर्फ इसलिए माफ करता हूं क्योंकि तुम्हारा शो रात में आता है और तुम्हारे नाम का मतलब ही रात है।

# अमिताभ ने रात 2:40 बजे हनुमान सहस्त्र पूजन की दिखाई झलक...



**मुंबई।** अमिताभ बच्चन 83 वर्ष की उम्र में 'एक्स' (पहले ट्विटर) पर सबसे अधिक एक्टिव रहने वाले बॉलीवुड सितारे हैं। करीब हर दिन ही बिग बी सोशल मीडिया पर कुछ न कुछ पोस्ट करते हैं। हालांकि, अधिकतर ऐसा होता है कि उनकी बात लोगों के पल्ले नहीं पड़ती। पहली बार उन्होंने जो पोस्ट किया है, उसे पढ़कर लोगों ने कहा है- पहली बार आपका पोस्ट समझ के लायक मिला है। अमिताभ बच्चन ने आधी रात 2:40 मिनट पर हनुमान सहस्त्र पूजन की झलक दिखाई है। उन्होंने दो तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें फूलों की ढेर के बीच गणपति बप्पा और हनुमान जी की मूर्ति दिख रही है। उन्होंने कैप्शन में लिखा है- टी 5779, हनुमान सहस्त्र पूजन। बता दें कि हनुमान सहस्त्र पूजन (या हनुमान सहस्रनाम) भगवान बजरंगबली के एक हजार पावन नामों का जाप है। कहते हैं कि ये उनकी पूजा करने की एक अत्यंत शक्तिशाली और विस्तृत विधि है। मान्यता यही है कि ये पूजन हनुमान जी की कृपा, साहस, मानसिक शांति और नकारात्मक ऊर्जा से मुक्ति पाने के लिए किया जाता है। धर्म पर आस्था रखने वालों का कहना है कि इसके पाठ से मानसिक तनाव दूर होता है और साधक को शारीरिक व मानसिक शक्ति प्राप्त होती है। इन सबके अलावा भूत-प्रेत, ऊपरी बाधाओं और नकारात्मक ऊर्जाओं का भी नाश होता है। इतना ही नहीं, ज्योतिषियों के मुताबिक, यह कुंडली में शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या और मंगल दोष के प्रभावों को कम करने में बहुत कारगर माना जाता है। अब आधी रात को किए गए अमिताभ बच्चन के इस पोस्ट पर लोगों ने भी अपने मन की बात कही है और हाथ जोड़ लिए हैं।

# 27 साल पुराने सॉन्ग को सुन आ जाता है 'प्यार का मौसम' अलका ने मनहार संग मिलकर गाया था कल्ट गाना

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में कई सितारे ऐसे रहे हैं, जिन्हें नाम और पहचान तो खूब मिली लेकिन वक्त के साथ उन्हें भुला दिया गया। किसी स्टार ने पर्दे पर हीरो बनकर दिल जीता तो किसी ने अपनी गायिकी से लोगों को अपना दीवाना बनाया। एक ऐसे ही सिंगर सिनेमा में आए जिनके भाई की आवाज ने लोगों को खूब इमोशनल किया तो वहीं इनकी आवाज भी दशकों तक सुनी जाती रही और इन्हीं का एक गाना इतना कल्ट हुआ कि जिसे आज भी लोग खूब सुनते हैं।

***कौन सा है वो गाना?*** : अब यूं तो इस दिग्गज सिंगर के कई गाने हिट रहे, लेकिन एक ऐसा गाना भी आया, जिसने आशिकों के दिलों पर खूब राज किया और इस गाने का नाम है मौसम। जी हां, साल 1999 में आई फिल्म 'जानवर' का गाना 'मौसम की तरह तुम भी बदल तो ना जाओगे' वही गाना था, जिसने लोगों के दिलों में प्यार की एक नई बहार पैदा की थी। इस गाने को आज भी सोशल मीडिया पर अक्सर वायरल होते हुए देखा जाता है। गाने में अक्षय कुमार और करिश्मा कपूर नजर आए थे। अक्षय और करिश्मा की केमिस्ट्री इस गाने में काफी पसंद की गई थी और यह गाना उन कल्ट गानों में से है, जो अक्सर ट्रकों में सुनाई दे जाता है।





### पंकज उदास के बड़े भाई ने दी आवाज

इस गाने को अलका याज्ञनिक और मनहार उदास ने साथ में मिलकर गाया था। गाने की शुरुआत अलका की आवाज से होती है। उस दौर में अलका लगभग हर दूसरे गाने की आवाज बना करती थीं। वहीं, अक्सर लोगों को लगता है कि इस गाने को कुमार सानू या उदित नारायण ने आवाज दी थी, लेकिन असल में गाना पंकज उदास के बड़े भाई मनहार उदास ने गाया था।

### आनंद-मिलिंद ने दिया था संगीत

उनकी आवाज में यह गाना खूब पसंद किया गया। हालांकि, उस दौर में मनहार उदास के कई गाने ऐसे थे, जो खूब पसंद किए गए थे और यह गाना उन्हीं में से एक था। इस गाने का संगीत आनंद-मिलिंद ने दिया था तो वहीं इसे समीर ने लिखा था। आपको बता दें कि फिल्म 'जानवर' को सुनील दर्शन ने बनाया था और फिल्म में करिश्मा-अक्षय के साथ कादर खान, शिल्पा शेट्टी और कई सितारे नजर आए थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी।

## दमदार किरदार से यादगार डॉयलाग्स तक...

# बुलंद आवाज के बल पर अमरीश बने भारतीय सिनेमा के सबसे पॉपुलर विलेन

*नई दिल्ली। अमरीश पूरी ने अपने कॅरियर की शुरुआत थिएटर से की थी। फिल्मों में आने से पहले उन्होंने कई साल तक नौकरी की। 80 के दशक में फिल्मों में आने के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। अपने बेहतरीन अभिनय और बुलंद आवाज से उन्होंने खलनायकों को हिंदी सिनेमा में एक खास पहचान दिलवाई।*

### किरदारों से बनाई अलग पहचान

कभी किसी गुफा जैसे अड्डे में बैठकर दुनिया जीतने का सपना देखने वाला मोगैंबो, कभी रेगिस्तान की हवेली में आतंक का दूसरा नाम बना ठाकुर दुर्जन सिंह, तो कभी 'जा सिमरन जा, जी ले अपनी जिंदगी'कहकर करोड़ों दिलों को भावुक कर देने वाला एक पिता। अमरीश पुरी सिर्फ एक अभिनेता नहीं थे, बल्कि भारतीय सिनेमा के उन चुनिंदे कलाकारों में से थे, जिन्होंने हर किरदार को अपनी मौजूदगी से यादगार बना दिया। उनकी गूंजती हुई आवाज, आंखों में उतरता खौफ और स्क्रीन पर छा जाने वाला व्यक्तित्व ऐसा था कि कई बार दर्शक फिल्म के हीरो से ज्यादा उनके किरदार को याद रखते थे। आइए उनके जन्मदिन पर नजर डालते हैं अमरीश पुरी के कुछ ऐतिहासिक किरदार और डॉयलाग्स पर।

### मोगैंबो- मिस्टर इंडिया

गोल्डन मिलिटरी यूनिफॉर्म, रहस्यमयी अड्डा और दुनिया पर राज करने का सपना। मोगैंबो भारतीय सिनेमा का शायद सबसे पॉपुलर विलेन है। अमरीश पुरी ने इस किरदार को जिस अंदाज में जिया, उसने उसे फिल्मी इतिहास का हिस्सा बना दिया। आज भी 'मोगैंबो खुश हुआ' सुनते ही सबसे पहले उनका चेहरा सामने आ जाता है।



### बलवंत राय- घायल

पैसे और सत्ता के नशे में चूर बलवंत राय उस दौर के सबसे ताकतवर खलनायकों में से एक था। यह किरदार सिर्फ हिंसक नहीं था, बल्कि व्यवस्था की उस सच्चाई को भी दिखाता था, जहां दौलत और ताकत कानून से ऊपर नजर आते हैं। अमरीश पुरी की दमदार एक्टिंग ने इस किरदार को यादगार बना दिया।

### मोला राम- इंडियाना जोन्स एंड दी टेंपल ऑफ डूम

हॉलीवुड की दुनिया में अमरीश पुरी की पहचान मोला राम से बनी। रहस्यमयी धार्मिक रिवाज, डरावनी पर्सनालिटी और खौफनाक आंखें। यह किरदार आज भी वर्ल्ड सिनेमा के सबसे चर्चित खलनायकों में गिना जाता है। इस भूमिका ने अमरीश पुरी को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अलग पहचान दिलाई।

### अशरफ अली- गदर एक प्रेम कथा

गदर में अमरीश पुरी ने एक ऐसे पिता का किरदार निभाया जो अपनी बेटी और अपने देश के बीच उलझा हुआ था। अशरफ अली पूरी तरह से खलनायक नहीं था, लेकिन कहानी में उसका विरोधी पक्ष इतना मजबूत था कि वह फिल्म के सबसे यादगार पात्रों में शामिल हो गया।

### ठाकुर दुर्जन सिंह- करण अर्जुन

रेगिस्तान की धूल, हवेली की ऊंची दीवारें और बदले की आग। करण अर्जुन का ठाकुर दुर्जन सिंह बेरहमी का दूसरा नाम था। अमरीश पुरी ने इस किरदार में ऐसा आतंक पैदा किया कि दर्शक उसकी मौत का इंतजार करते रहे। फिल्म की पूरी कहानी उसी के अत्याचारों के इर्द-गिर्द घूमती है।

### जनरल डोंग- तहलका

डोंग इज नेवर रॉन्ग कहने वाला जनरल डोंग 90 के दशक के सबसे मनोरंजक और पॉपुलर खलनायकों में से एक था। उसकी अजीबोगरीब हंसी, अतरंगी अंदाज और तानाशाह पर्सनालिटी ने उसे दर्शकों के बीच कल्ट स्टेटस दिलाया।

## खबर संक्षेप

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन




**जांजगीर-चांपा।** नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम बोड़सरा के स्कूल में शिक्षक द्वारा अनैतिक कृत्य किए जाने का विडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिससे शिक्षा के केन्द्र में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को गलत संदेश जा रहा है। साथ ही साथ शैक्षणिक संस्थान के सुरक्षा पर भी सवाल खड़ा हो रहा है। इससे विद्यार्थीयों व नागरिकों में आक्रोश उत्पन्न हो रहा है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जांजगीर चांपा ने इस विषय पर गंभीरता से जांच करने व त्वरित कार्यवाही करने के साथ साथ जिले के समस्त शैक्षणिक संस्थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की मांग को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। साथ ही संबंधित विषय पर शीघ्र संज्ञान लेने की बात कही। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जांजगीर चांपा जिला संयोजक उदय पाण्डेय, नगर मंत्री अनुराग त्रिपाठी, सहमंत्री आर्यन सिंह, सहमंत्री रितेश राठौर, सोशल मीडिया सह प्रमुख संस्कार त्रिपाठी, महाविद्यालय प्रमुख आदर्श जयसवाल, महाविद्यालय सह प्रमुख अनिरूद्ध चौधरी,खेलो भारत प्रमुख शैलेश सिंह, खेलो भारत सह प्रमुख शिव प्रताप सिंह व नगर कार्यकारिणी सदस्य शिवांश सिंह सिसोदिया शामिल रहे।

### शासकीय प्राथमिक शाला नायक टांड में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन



**अकलतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला नायक टांड, अकलतरा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद विजय खांडेल संकुल प्रभारी श्रीमती गीता सिंह, शैक्षिक समन्वयक श दामोदर चौधरी, पूर्व पार्षद सरजू यादव के आतिथ्य एवं महिला समूह की प्रतिनिधिगण, पालकगण एवं प्रधान पाठक रामशरण सिंह की उपस्थिति में हुआ।इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। बच्चों को गणवेश एवं पाठ्य-पुस्तकों का वितरण किया गया तथा मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।सभी अतिथियों ने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा शिक्षा के माध्यम से अपने जीवन को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक राजू मधुकर, ब्रजकिशोर शर्मा, श्रीमती कांति जोगी तथा महिला समूह की सदस्याएं एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

### बलिदान दिवस पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि, विकास कार्यों का हुआ भूमिपूजन



**हसौद।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरदुली के आश्रित ग्राम तुमीडीह में मंगलवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा उपस्थित जनों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अमर रहें के नारे लगाते हुए उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण किया।कार्यक्रम के पश्चात गांव में सीसी रोड, पचरी निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा और भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक केशव प्रसाद चंद्रा शामिल हुए। अतिथियों ने पूजा-अर्चना कर श्रीफल फोड़ा तथा कुदाल चलाकर विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सहित समस्त पंचगण, भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## निधन

### कौशल प्रसाद अनंत



**राहौद।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक कौशल प्रसाद अनंत (शिक्षक) शासकीय प्राथमिक शाला झिलमिली का सड़क दुघर्टना में 49 वर्ष की आयु में रविवार 21 जून को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सोमवार 22 जून को नगर के मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र ऋषिकेश अनंत ने दी। उनके अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधु सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। वे स्व. भागवत प्रसाद अनंत के सुपुत्र थे।

शासी परिषद की बैठक में वार्षिक कार्ययोजना एवं पंचवर्षीय परिप्रेक्ष्य योजना पर हुई चर्चा

# डीएमएफ में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पेयजल को मिलेगी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिला खनिज न्यास संस्थान (डीएमएफ) की शासी परिषद की बैठक मंगलवार 23 जून को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में डीएमएफ अंतर्गत प्राप्त राशि, व्यय, प्रगतिरत कार्यों तथा विभिन्न नए प्रस्तावों सहित कई एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की गई। सांसद, विधायक के साथ जनप्रतिनिधि व अधिकारियों की बैठक में वार्षिक कार्य योजना तैयार की गई। डीएमएफ से शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पेयजल के काम प्राथमिकता से कराने कार्य योजना बनाई गई।

बैठक में पंचवर्षीय परिप्रेक्ष्य योजना एवं वार्षिक कार्य योजना पर विचार-विमर्श किया गया। पंचवर्षीय एवं वार्षिक कार्ययोजना के अनुरूप ही बजट राशि का उपयोग किया जाएगा। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कहा कि प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के तहत कार्ययोजना तैयार की गई है। पांच वर्षीय निधि आबंटन योजना के अंतर्गत उपलब्ध निधि का उपयोग स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, कौशल विकास एवं आजीविका, कृषि, पशुपालन एवं मत्स्यपालन, पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण, दिव्यांगजन एवं वृद्धजन कल्याण, स्वच्छता, आवास, भौतिक अधोसंरचना, सिंचाई, ऊर्जा, जलागम विकास तथा पर्यावरणीय गुणवत्ता संवर्धन के क्षेत्रों में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से खनन प्रभावित क्षेत्रों में निजी सहभागिता एवं आंशिक वित्तपोषण के माध्यम से वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही समेकित कार्ययोजना के तहत शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास एवं जनकल्याणकारी कार्य संचालित किए जा रहे हैं। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं सदस्यों ने खनिज प्रभावित क्षेत्रों की वास्तविक आवश्यकताओं का आकलन कर शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, अधोसंरचना, कौशल विकास, आजीविका संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि डीएमएफ मद से स्वीकृत कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने डीएमएफ निधि का उपयोग जिले के समन्वित एवं सतत विकास के लिए किए जाने पर जोर देते हुए स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, सड़क, पेयजल, शिक्षा गुणवत्ता, प्राथमिक अधोसंरचना तथा अन्य जनहितकारी कार्यों को प्राथमिकता देने के सुझाव दिए, ताकि खनिज प्रभावित क्षेत्रों के नागरिकों को अधिकतम लाभ मिल सके। बैठक में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप, अकलतरा विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरबंश, जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, डीएफओ हिमांशु डोंगरे, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे सहित शासी परिषद के सदस्य एवं अधिकारी उपस्थित रहे।




जिला खनिज न्यास संस्थान की बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी।



## शिविर में ग्रामीणों को दी गई न्यायालयीन एवं सायबर क्राइम के बारे में जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

ग्राम पंचायत बिर्रा में मंगलवार 23 जून को उन्नति महिला संकुल स्तरीय संगठन सदस्यों के लिए विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पीएलव्ही रमेश कुमार दिवाकर एवं संतोष कुमार कश्यप ने उपस्थित महिलाओं को निःशुल्क अधिवक्ता देने का प्रावधान, घरेलू हिंसा, अभिव्यक्ति एप्स, बाल विवाह की जानकारी दी।

■ ग्राम पंचायत बिर्रा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

उन्होंने बताया कि 21, 22 एवं 23 अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय परिसर में आयोजित होने वाले समाधान समारोह का मुख्य उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों में आपसी सहमति एवं सुलह के माध्यम से निपटारा करना। जिसकी प्रक्रिया 21 अप्रैल से प्रारंभ हो चुकी है। इसमें दोनों पक्षों को आपसी सहमति हेतु संबंधित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में व्ही.सी.के माध्यम से या भौतिक रूप से उपस्थित कराया जा रहा है। इसी तरह चेक बाउंस से संबंधित मामलों के लिए 18 जुलाई एवं 21 नवंबर को आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत, निःशुल्क कानूनी सहायता, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 , 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाले लोक अदालत के संबंध में जानकारी दी गई। बिर्रा थाना से उपनिरीक्षक शामेश देव ने सायबर अपराध से बचने के उपाय, अनजान नम्बर पर फोन आने पर अपना जानकारी न शेयर करने की सलाह,आन लाईन ठगी, टोल फ्री 1930 के बारे जानकारी दी। सहायक उप निरीक्षक टी.आर.जांगड़े ने मोटर व्हीकल एक्ट, यातायात नियमों का पालन करने संबंधी जानकारी दी। शिविर में आरक्षक जनक राम कश्यप, महिला कलस्टर अध्यक्ष श्रीमती ममता यादव, सचिव श्रीमती धनबाई पटेल, श्रीमती कान्ति रत्नाकर, श्रीमती सुनिता साहू, श्रीमती सुरेखा साहू, श्रीमती मोनू यादव बड़ी संख्या में महिला सदस्यगण उपस्थित रहें।

## भाजपा सरकार में गांव-गांव में हो रहे विकास कार्य : राठौर



**बहेराडीह।** जिले के बलौदा विकासखण्ड के ग्राम सिवनी के कलवार तालाब के पास जिला पंचायत सभापति श्रीमती उमा राजेंद्र राठौर के अनुशंसा से 3 लाख 50 हजार रुपए की लागत से चतदार चबूतरा निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया।

इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भूमि पूजन कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि सभापति श्रीमती उमा राजेन्द्र राठौर ने कहा कि गांव के इस मोहल्ले में छतदार चबूतरा निर्माण होने से यहां के लोगों को अनेकों सुख-दुख कार्यक्रम सपन्न कराने लिए आसानी होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में गांव-गांव में लगातार विकास कार्य है। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत बलौदा के सभापति चूडामणी राठौर, ग्राम सरपंच कृष्णा कुमारी, शिव सिंह सिदार, उप सरपंच गोविंद राठौर, पंच आशीष राठौर, पंच प्रतिनिधी अनिकेत पांडेय, महेंद्र गोस्वामी, महिला मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अनुराधा देवांगन, युवा मोर्चा के अध्यक्ष शिवम राठौर, मंडल मंत्री लखन कुंभकार, लखन राठौर, मोहन राठौर उपस्थित थे।

■ सिवनी में सभापति ने किया छतदार चबूतरा निर्माण कार्य का भूमि पूजन

### 2203 लोगों को मिला संगठित कर्मकार निर्माण श्रमिक योजना का लाभ

**मालखरौदा।** श्रम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ सरकार की श्रम विभाग द्वारा संगठित कर्मकारों निर्माण श्रमिकों के लिए कई योजनाएं चल रही हैं' 25 -26 के वित्तीय सत्र में जहां पूरे ब्लॉक में 5023 लोगों का पंजीयन हुआ तो श्रम विभाग द्वारा द्वारा चलाए जा रहे साइकिल वितरण,औजार वितरण, छात्रवृत्ति, निशुल्क कोचिंग,निशुल्क गणेश एवं पुस्तक की सहायता,सियान सहायता,नोनी सशक्तिकरण, नोनी बाबू मेधावी छात्रवृत्ति योजना महतारी जतन जैसे 2203 पंजीकृत श्रमिकों को इस योजना का लाभ मिला जहां महतारी जतन योजना में 247 इसी प्रकार नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना में 371, नोनी सशक्तिकरण योजना में 399 श्रमिकों को योजना का लाभ मिला।

## मुखर्जी ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रवाद के लिए अपना संपूर्ण जीवन किया समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलमुला

भारतीय जनता पार्टी मण्डल मुलमुला के कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया।

■ भाजपा मुलमुला मंडल ने बलिदान दिवस के रूप में मनाई मुखर्जी की पुण्य तिथि

इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके राष्ट्रहित में किए गए योगदान को याद किया।

भाजपा मण्डल अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप यादव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रवाद के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे का नारा देते हुए देश हित में संघर्ष किया और अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों को आत्मसात करते हुए राष्ट्रसेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुखराम मधुकर, कौशल जोशी, किरण कुम्भकार, इंदु बंजारे, प्रहलाद साहू, चंदाराम कश्यप, शैलेंद्र सिंह चंदेल, धीरेंद्र महिलांगे, व्यास कश्यप, यशवंत सिंह, लक्ष्मीनारायण कश्यप, राजकमल कुम्भकार, चोलाराम कौशिक आदि उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

## नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं खीर खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया।

■ विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन

मुख्य अतिथियों द्वारा निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंबेश जांगड़े जिलाध्यक्ष भाजपा, श्रीमती गौरी छोटू जांगड़े अध्यक्ष, नगर पंचायत पामगढ़, चंद्रकांत तिवारी सदस्य, माध्यमिक शिक्षा मंडल, मानेश जांगड़े जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, रूपचंद साहू उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत पामगढ़, शिवेंद्र सिंह मंडल अध्यक्ष, दीनदयाल साहू जनपद सदस्य, जय साहू जनपद सदस्य, संजय खांडे पार्षद, श्रीमती सुमन कुर्रे पार्षद, श्रीमती संगीता भोले थवाईत पार्षद एवं विकास शर्मा प्रवक्तामनोज घोष उपस्थित रहे। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा विकासखंड का वार्षिक विजन एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में 34 संकुल समन्वयक, 155 प्राथमिक प्रधान पाठक एवं 76 पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विकासखंड के कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति में चयनित विद्यार्थियों, नवोदय में चयनित विद्यार्थियों तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में चयनित खिलाड़ियों को मोमेंटो एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन सहायक बीईओ राकेश कुमार सोनी द्वारा किया गया।




कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

## छत्तीसगढ़ की सीनियर फर्स्ट-5 टीम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

नेटबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा 5वीं सीनियर नेशनल फर्स्ट 5 नेटबॉल प्रतियोगिता 25 से 28 जून को पांडिचेरी में आयोजित की गई है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ की महिला एवं पुरुष टीम घोषित की गई है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के पश्चात खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर लगाने के बाद फाइनल सिलेक्शन ट्रायल लिया गया फाइनल सिलेक्शन ट्रायल में यो-यो टेस्ट 800 मीटर दौड़, 100 मी दौड़ एवं गेम की दक्षता को देखते हुए यह खिलाड़ी चयनित किए गए हैं।

**खास बात**

■ पुरुष वर्ग में इमरान एवं महिला वर्ग में मिशा कुमारी बने कप्तान

छत्तीसगढ़ टीम इस प्रकार है पुरुष वर्ग में कप्तान इमरान खान, एस मोहन राव, निलेश शर्मा, मनोज साहू,नमनदीप टंडन ,निहाल पांडे, देवेश धीवर, अमन भोई, सुनील धीतलहरे एवं देवेंद्र यादव वहीं महिला वर्ग की टीम इस प्रकार है- कप्तान मिशा कुमारी, हर्षिका उपाध्याय, शिफा खान ,आरती चौहान अलका शर्मा , अंशिका शर्मा, नेहा शाह, कुमारी सृष्टि, खुशबू गुप्ता, एवं गुनीता साहू जबकि पुरुष वर्ग में कोच एवं मैनेजर अनूप यादव व प्रशांत जब को बनाया गया है वहीं महिला वर्ग में कोच प्रकाश विश्वकर्मा एवं मैनेजर इंद्राणी को बनाया गया नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष मीना केरकेट्टा ने टीम के सभी खिलाड़ियों को चयनित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अच्छी तरह से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया है नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के महासचिव राजेश राठौर ने बताया कि सीनियर फास्ट 5 की टीम काफी अच्छी है पिछले वर्ष महिला वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त हुआ था उसके पूर्व पुरुष वर्ग में रजत पदक हासिल की थी इस बार भी टीम काफी संतुलित है सीनियर एवं जूनियर खिलाड़ियों की मिली जुली टीम है और यह टीम निश्चित ही राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करेगी।



फाइनल सिलेक्शन ट्रायल के दौरान उपस्थित खिलाड़ी।

सीएम हेल्पलाईन और सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों की कलेक्टर ने की विभागवार समीक्षा

# बरसात के मौसम में पौधारोपण की तैयारियां करें सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने मंगलवार 23 जून को आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों एवं विभागीय योजनाओं के प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन और सुशासन तिहार अंतर्गत विभिन्न विभागों में निराकरण हेतु शेष आवेदनों का विभागवार विस्तृत समीक्षा किया। उन्होंने सुशासन तिहार अन्तर्गत प्राप्त सभी शेष आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण और तेजी से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को सीएम हेल्पलाईन के अंतर्गत प्राप्त आवेदनो का निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सक्ती जिले को हरा भरा बनाने के लिए आगामी मानसून के दृष्टिगत वन विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं रेशम विभाग को पौधरोपण के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। बैठक में कलेक्टर ने आगामी खरीफ फसल सीजन के दृष्टिगत कृषि विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के किसानों को खाद, बीज एवं सिंचाई से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। किसानों को खाद, बीज एवं सिंचाई सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कृषि विभाग को खाद बीज वितरण व्यवस्था पर सतत निगरानी रखने के निर्देश भी दिए है। उन्होंने जिले में उर्वरकों एवं बीजों के भंडारण की स्थिति की समीक्षा करते हुए उपलब्ध स्टॉक एवं भंडारण व्यवस्था की जानकारी ली। कलेक्टर ने किसानों को नैनो यूरिया एवं अन्य उन्नत कृषि तकनीकों के उपयोग के प्रति जागरूक करने तथा इसके लाभों का जमीनी स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए है। बैठक में कलेक्टर ने जिले में अवैध रूप से खाद विक्रय एवं भण्डारण करने वाले दुकानदारों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए है। बैठक में कलेक्टर द्वारा लोक सेवा गारंटी, लंबित पेंशन प्रकरणों, पीएम सुर्यघर मुफ्त बिजली योजना, आयुष्मान योजना, पीएम आवास योजना शहरी सहित अन्य विभागीय कार्यों की भी समीक्षा की गई। साथ ही विभागवार समय-सीमा के लंबित प्रकरणों, जनदर्शन एवं जनचौपाल में प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए।



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।

## शाला प्रवेशोत्सव के आमंत्रण पत्र से जैजैपुर विधायक का नाम गायब, क्षेत्र में नाराजगी

**बम्हनीडीह।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बम्हनीडीह द्वारा जारी शाला प्रवेशोत्सव 2026-27 के आमंत्रण पत्र को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है । शिक्षा विभाग की ओर से जारी आमंत्रण पत्र में जिले और क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों को मुख्य अतिथि, अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में स्थान दिया गया है, लेकिन जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बालेश्वर साहू का नाम सूची में शामिल नहीं होने से क्षेत्रवासियों में नाराजगी का माहौल बन गया है ।

लोगों का कहना है कि जिस विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। वहां के निर्वाचित विधायक को आमंत्रण सूची से बाहर रखना समझ से परे है और इससे शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जारी आमंत्रण पत्र निम्न जनप्रतिनिधियों के नाम प्रमुखता से दर्ज हैं, लेकिन जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बालेश्वर साहू का नाम कहीं भी दिखाई नहीं दे रहा है । इसे लेकर लोगों का कहना है कि क्षेत्र के सबसे बड़े निर्वाचित जनप्रतिनिधि की अनदेखी करना गंभीर विषय है। इस संबंध में बम्हनीडीह विकासखंड शिक्षा अधिकारी रत्ना थवाईत का कहना है कि पुराने सूची के अनुसार ही आमंत्रण कार्ड जारी किया गया है, कही कोई पक्षपात नहीं किया गया है।

**प्रोटोकाल का रखना चाहिए ध्यान**

विधायक को सूची से दरकिनार करना बहुत गलत है। प्रोटोकॉल का ख्याल किसी भी अधिकारी को नहीं है।

-बालेश्वर साहू
जैजैपुर विधायक